# शहडोल का बहुचर्चित पेंट घोटाला: करोड़ों की राशि खर्च, ज़मीन पर नाममात्र काम

**जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी, कार्रवाई शून्य**
**ड्राई फ्रूट घोटाला भी फाइलों में दबा, अधिकारियों की मिलीभगत**
**राजनीतिक संरक्षण से सरकार की साख पर उठे सवाल**

शिक्षा विभाग से जुड़ा पेंट घोटाला एक बार फिर सुर्खियों में है, 2022 से 2025 तक विद्यालयों के नाम पर सुधाकर कंस्ट्रक्शन, ब्यौहारी को करोड़ों रुपये आवंटित हुए, जबकि जमीन पर कार्य अधूरे और संदिग्ध हैं। प्रतिवेदन सोमवार को जांच अधिकारियों ने सौंपा, मगर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी तरह गोहपारु जनपद में ड्राई फ्रूट घोटाले की फाइल भी कलेक्टर तक पहुंचने के बाद दबा दी गई।

शहडोल।

जिले का बहुचर्चित पेंट घोटाला शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। वर्ष 2022 से लेकर वर्तमान 2025 तक विद्यालयों के नाम पर कुल 2,75,84,000 की राशि आवंटित हुई और 2,28,08,568 खर्च दिखाए गए। यह पूरा भुगतान सुधाकर कंस्ट्रक्शन, ब्यौहारी के खाते में गया, जबकि अधिकांश विद्यालयों में नाममात्र का कार्य हुआ।

## विद्यालयवार राशि का ब्योरा

जांच रिपोर्ट में सामने आया कि विद्यालयों को इस प्रकार राशि आवंटित और खर्च हुई, शा.उ.मा.वि. ब्योहारी - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.उ.मा.वि. मझीली 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.उ.मा.वि. झलरी - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि.










अटारीकला - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. झिक्की - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. झुर्री -3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. कंछार -3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. पथरौला - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. खिरवा - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. मझगवां - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. पथरौला टोला - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. बरबसपुर 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. चौरी -3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. बम्हनी नं. 2 - 3,00,000/ खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. झगरा -3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. कठौती - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. उमरिया -3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. पचौरी - 3,00,000 / खर्च 3,00,000, शा.मा.वि. ब्योहारी प्रथम -6,04,000 / खर्च 6,04,000, शा.मा.वि. बिछिया - 19,56,000 / खर्च 19,56,000, शा.मा.वि. अजवार - 12,29,000 / खर्च 12,29,000, शा.मा.वि. बकहो - 16,78,000 / खर्च 16,78,000, शा.मा.वि. लरका - 19,61,000 / खर्च 19,61,000, शा.मा.वि. मझौली -11,16,000 / खर्च 11,16,000, शा.मा.वि. कठौतिया - 3,00,000 / खर्च 1,82,506, शा.उ.मा.वि. ब्योहारी - 5,00,000 / खर्च 2,66,774, शा.बा.उ.मा.वि. मझीली - 23,90,000 / खर्च 11,72,711, शा.उ.मा.वि. कठौतिया -5,00,000 / खर्च 2,16,406, शा.मा.वि. मझौली खुर्द - 10,00,000 / खर्च 5,18,794, शा.मा.वि. बिछिया - 5,00,000 / खर्च 3,46,239, शा.मा.वि. गढ़वा - 3,00,000 / खर्च 2,62,282, शा.मा.वि. धौरहरा - 5,00,000 / खर्च 4,22,628, शा.मा.वि. पहाड़हा - 5,00,000 / खर्च 3,18,056, शा.मा.वि. पचौरी -3,00,000 / खर्च 1,08,364, शा.मा.वि. अमझोर -3,00,000 / खर्च 2,91,514, शा.मा.वि. कठौतिया - 3,00,000 / खर्च 2,88,000, शा.मा.वि. लरका - 3,00,000 / खर्च 1,88,560, शा.मा.वि. पचौरी - 3,00,000 / खर्च 89,521, शा.मा.वि. मझौली - 5,00,000 / खर्च 2,37,365, शा.मा.वि. कठौतिया - 5,00,000 / खर्च 2,91,114, शा.मा.वि. पचौरी - 6,50,000 / खर्च 5,99,966, शा.मा.वि. बिछिया -5,00,000 / खर्च 3,37,636, कस्तूरबा गांधी छात्रावास सोहगपुर - 3,00,000 / खर्च 2,86,842, कस्तूरबा गांधी छात्रावास मनस - 3,00,000 / खर्च 2,16,737, कस्तूरबा गांधी छात्रावास नर्मदापुर -3,00,000 / खर्च 1,96,975, कस्तूरबा गांधी छात्रावास जनेह - 3,00,000 / खर्च 2,87,150, कस्तूरबा गांधी छात्रावास बृजपुर -3,00,000 / खर्च 2,88,136, नवीन कन्या छात्रावास मझगवां - 5,00,000 / खर्च 1,98,778, शा.उ.मा.वि. कठौतिया - 5,00,000 / खर्च 2,91,514, शा.मा.वि. कठौतिया - 5,00,000 / खर्च 4,80,000, शा.मी.ला. छात्रावास बृजपुर - 5,00,000 / खर्च 4,80,000।

## प्रतिवेदन सौंपा, कार्रवाई नहीं

इस पूरे घोटाले की जांच रिपोर्ट सोमवार को अधिकारियों ने जिला प्रशासन को सौंप दी है, लेकिन हैरत की बात है कि अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ है कि जिला प्रशासन दबाव में है और मामले को दबाने की कोशिश हो रही है।

## ड्राई फ्रूट घोटाला भी दबा

इसी तरह गोहपारु जनपद पंचायत में ड्राई फ्रूट घोटाला हुआ था। वहां जनपद पंचायत सचिव पर गड़बड़ी के आरोप लगे और जांच जनपद से होकर जिला पंचायत और फिर कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दोनों ही मामले दबा दिए गए, जिससे सरकार की साख पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## मिलीभगत और संरक्षण

सूत्रों के अनुसार, यह पूरा खेल रमसा में पदस्थ अधिकारी अरविंद पांडे के इशारे पर हुआ। सुधाकर कंस्ट्रक्शन उनके ही रिश्तेदारों की बताई जाती है। आरोप यह भी है कि उन्हें भाजपा के एक प्रभावशाली विधायक का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते जिला प्रशासन हाथ बांधे बैठा है।

## सरकार की फजीहत

जिले में बैठे अधिकारी इतने बेलगाम हो चुके हैं कि अब उन्हें सरकार की छवि की भी परवाह नहीं। भाजपा की मोहन यादव सरकार जहां शिक्षा सुधार और पारदर्शिता का दावा करती है, वहीं शहडोल के अफसर करोड़ों रुपये की लूट में लगे हैं। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो यह घोटाला सरकार की साख को सडक़ पर ले आएगा और चुनावी मौसम में बड़ा हथियार बनेगा।





# आदिवासी एकता महासभा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

धनपुरी।

आदिवासी एकता महासभा मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 24-25 अगस्त को धनपुरी स्थित स्टाप क्लब में सम्पन्न हुआ। शिविर में मध्यप्रदेश से 100 तथा छत्तीसगढ़ से 46 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था कोयला श्रमिक संघ (सीटू) के साथियों द्वारा की गई।

कोयला श्रमिक संघ सीटू के क्षेत्रीय सचिव एवं शहडोल जिला अध्यक्ष अरुण गौतम ने बताया कि शिविर को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर में राष्ट्रीय नेता एवं पूर्व सांसद कामरेड बिंद्रा करात विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अलावा कामरेड दुलीचंद मीणा, कामरेड बादल सरोज, कामरेड जसविंदर सिंह, कामरेड प्रमोद प्रधान, कामरेड रामविलास गोस्वामी, कामरेड अखिलेश यादव, कामरेड लालता प्रसाद कोल तथा कामरेड बुद्धसेन सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया।

शिविर की सफलता में कामरेड रामनारायण कुररिया और सोहागपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। वहीं स्थानीय इकाइयों से कामरेड विनोद राय, धीरेंद्र पांडेय, इंद्रजीत पटेल, नरेंद्र सिंह पटेल, फूलचंद जैसवाल, लालजी तिवारी, रामराज तिवारी, राजेश राणा, रूपेंद्र साहनी, अजय मिश्रा, चेतन दास, रमाशंकर शुक्ल, शशांक चतुर्वेदी तथा नारायण राय आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के समापन अवसर पर धीरेंद्र पांडेय ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सामूहिक सहयोग से यह आयोजन पूर्ण रूप से सफल हो सका।

# अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को लेकर चलने वाली हमारी सरकार: मरावी

**देवरी ग्राम पंचायत में अटल जयंती पर भूमि पूजन और सडक़ लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न**

शहडोल।

जिले की जनपद पंचायत बुढ़ार अंतर्गत देवरी ग्राम पंचायत में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर पंचायत सुशासन भवन, पंचायत भवन के भूमि पूजन एवं देवरी से बलवहरा तक निर्माणाधीन ग्रेवल रोड के लोकार्पण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता सरपंच श्रीमती दुईजी पाव ने की। सांसद प्रतिनिधि राजकमल मिश्रा, बकहो मंडल उपाध्यक्ष कामता शर्मा, विजेंद्र द्विवेदी, सूरज द्विवेदी, केशवाही मंडल उपाध्यक्ष अनुपम सिंह, उपसरपंच एवं भाजपा के पूर्व महामंत्री शिवेंद्र द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।



## कलश पूजन के साथ हुआ भूमि पूजन

सनातन परंपरा के अनुसार बैंड-बाजे और कलश स्वागत के बाद शास्त्र विधि से भूमि पूजन एवं गणेश पूजन संपन्न हुआ। इसके उपरांत अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## जनकल्याण योजनाओं की जानकारी दी

मुख्य अतिथि विधायक जय सिंह मरावी ने मंच से कहा कि भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्वावलंबी योजनाओं और अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित नागरिकों को दी और ग्राम पंचायत देवरी की सराहना की। सांसद प्रतिनिधि राजकमल मिश्रा ने भी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी साझा की और पंचायत को बधाई दी।

## ग्राम विकास की जानकारी

ग्राम पंचायत के उपसरपंच शिवेंद्र द्विवेदी ने देवरी पंचायत में जारी निर्माण कार्यों और नई योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विधायक से ग्राम की कुछ मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का आग्रह किया और विश्वास जताया कि देवरी पंचायत को लगातार सहयोग मिलता रहेगा। अंत में जागेश्वर तिवारी ने सभी अतिथियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ हुआ, जिसमें सभी आमंत्रितों ने सहभागिता की।

## हरितालिका तीज पर खैर माता मंदिर में हंगामा

# विधायक के रिश्तेदार और युवक के बीच विवाद, पुलिस ने किया हस्तक्षेप

शहडोल।




जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के ग्राम सुखाड़ स्थित खैर माता मंदिर में हरितालिका तीज का पर्व इस बार विवाद और हंगामे की भेंट चढ़ गया। जहां एक ओर महिलाएं और ग्रामीण श्रद्धा व आस्था के साथ पारंपरिक पूजा-पाठ कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर भोजपुरी गीत बजाने को लेकर दो युवकों के बीच इतना तीखा विवाद हो गया कि स्थिति संभालने के लिए पुलिस तक को हस्तक्षेप करना पड़ा। मामला मंगलवार देर रात का है, जिसने बुधवार सुबह फिर से तूल पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार खैर माता मंदिर परिसर में ग्रामीण महिलाएं व युवतियां हरितालिका तीज पर पारंपरिक कार्यक्रमों में शामिल थीं। इसी दौरान विधायक के रिश्तेदार शुभम कोल और गांव के ही युवक मुकेश कोल के बीच भोजपुरी गाना बजाने को लेकर बहस छिड़ गई। शुरू में मामूली दिख रहा विवाद देखते ही देखते कहासुनी, आरोप-प्रत्यारोप और धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। मंदिर परिसर का माहौल बिगडऩे पर सरपंच सहित ग्रामीणों को बीच-बचाव करना पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख लोगों ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर देवलौंद थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर विवाद शांत कराया। देर रात स्थिति नियंत्रित हो गई, लेकिन सुबह होते-होते मामला दोबारा गरमा गया और गांव में तनाव का माहौल बन गया। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि हरितालिका तीज के कार्यक्रम के दौरान गाना बजाने को लेकर दो युवकों के बीच कहा-सुनी हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद को तत्काल शांत कराया। मामले में शिकायत आने पर जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों में बाहरी और विवादित गाने बजाने की परंपरा हाल के वर्षों में बढ़ी है, जिससे परंपरा और आस्था के माहौल में खलल पड़ता है। यही कारण है कि मंगलवार को हुए विवाद ने तीज के पर्व को भी कलंकित कर दिया। लोगों ने मांग की है कि धार्मिक आयोजनों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग और गाने बजाने पर सख्ती से नियम लागू किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हालात न बनें।





# तीन साल से ठंडे बस्ते में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती का मामला

**मानपुर।** जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत नगर परिषद वार्ड क्रमांक 6 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका भर्ती का मामला तीन साल से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। विधवा आवेदिका सपना शर्मा ने परियोजना अधिकारी मानपुर राज नारायण सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि पैसों के लेन-देन कर नियम विरुद्ध नियुक्ति की गई है। मामला वर्ष 2023 का है, 28 अप्रैल 2023 को आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिस पर कुल छह आवेदक सामने आए। छानबीन के बाद 5 अक्टूबर 2023 को परियोजना अधिकारी ने अंतरिम सूची जारी की, जिसमें शशि तिवारी पत्नी कमलेश तिवारी को प्रथम स्थान पर रखा गया।

इस पर सपना शर्मा ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि शशि तिवारी वार्ड 6 की निवासी नहीं बल्कि वार्ड 5 की हैं। नियमानुसार भर्ती उसी वार्ड की महिला से की जानी चाहिए, जिसका नाम संबंधित वार्ड की मतदाता सूची में दर्ज हो। आपत्ति के बाद सपना शर्मा ने 10 अक्टूबर 2023 को एसडीओ मानपुर न्यायालय में और 18 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर उमरिया को शिकायत सौंपी। फरियादी का आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बावजूद अधिकारी मामले को टालते रहे। लेकिन नौ माह बाद अचानक शशि तिवारी वार्ड 6 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में सहायिका के रूप में कार्यरत पाई गईं। जब सपना शर्मा ने परियोजना कार्यालय से जानकारी मांगी तो अधिकारी के करीबी कर्मचारी ने उन्हें डांटकर भगा दिया और साफ कहा कि भर्ती हो चुकी है, जो करना हो कर लो। सपना शर्मा ने जब केंद्र पहुंचकर कार्यकर्ता अंजना द्विवेदी से जॉइनिंग आदेश के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि परियोजना कार्यालय से उन्हें शशि तिवारी की नियुक्ति संबंधी कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। इससे यह संदेह और गहरा हो गया कि भर्ती प्रक्रिया नियम विरुद्ध तरीके से और पैसे के लेन-देन के जरिए की गई है।

फरियादी ने आरोप लगाया है कि परियोजना अधिकारी राज नारायण सिंह ने पूरे मामले को पर्दे के पीछे रखकर अपनी मनमर्जी से नियुक्ति कर डाली। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने फोन रिसीव करना तक उचित नहीं समझा। पीड़िता सपना शर्मा ने कलेक्टर उमरिया धर्णेंद्र कुमार जैन से गुहार लगाई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

## खबर संक्षेप

### डीआईजी को युवाओं ने भेंट किया मिट्टी के बने गणेश प्रतिमा



**शहडोल।** ग्रीन गणेश अभियान के तहत युवा टीम उमरिया के द्वारा डीआईजी सुश्री सविता सुहाने को मिट्टी से बने गणेश प्रतिमा भेंट किया गया। युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्रीन गणेश अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में मिट्टी की प्रतिमा बनाने एवं प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमा में स्थापित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था। विद्यार्थियों एवं युवा टीम के सदस्यों के द्वारा अपने हाथों से निर्माण की गई। डीआईजी सुश्री सविता सुहाने ने युवा टीम उमरिया द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करना चाहिए। प्लास्टर ऑफ पेरिस की बनी प्रतिमाएं जल को पूरी तरीके से दूषित कर देती है एवं नदी तालाबों के जल को ग्रहण करने वाले पशु पक्षियों एवं व्यक्तियों को भी हानि पहुंचआती है। इस अवसर पर युवा हिमांशु तिवारी, अभिनव द्विवेदी, राहुल सिंह,सौरभ पांडेय सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

### मॉ तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत 38 युवतियां करेगी भ्रमण

**शहडोल।** सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओ में राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत मॉ तुझे प्रणाम योजना संचालित की है। योजना के माध्यम से चयनित युवाओ को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक स्थानो से परिचय कराने हेतु अनुभव यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस यात्रा में एनसीसी, एनएसएस, खिलाड़ी, मेधावी छात्र एवं स्काउड से चयनित युवतिया जिनकी आयु 15 से 25 वर्ष हो का चयन किया जाता है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया है कि मॉ तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत शहडोल, उमरिया एवं डिंडौरी जिले की 38 युवतियो को उज्जैन, मंदसौर एवं नीमच जिले का भ्रमण कराया जाएगा। जिन युवतिया का चयन किया गया है वे युवतिया 1 सितम्बर को नर्मदा एक्सप्रेस से उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगी। उज्जैन में महाकाल मंदिर का भ्रमण एवं भगवान महाकालेश्वर का दर्शन करेगी। मंदसौर में भगवान पशुपति नाथ का दर्शन करेगी। इसी तरह नीमच में गांधी सागर जलाषय तथा राज-राजेष्वरी मंदिर का भ्रमण एवं दर्षन लाभ प्राप्त करेगी।

### विचारपुर-सरदारपुर के मध्य आयोजित होगा फुटबॉल मैच

**शहडोल।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को राजधानी भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम से प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर 'मिनी ब्राज़ील' के नाम से प्रसिद्ध शहडोल जिले के विचारपुर गांव की बालिका फुटबाल टीम तथा सरदारपुर गांव जिला धार के बीच एक रोमांचक फुटबॉल मुकाबला होगा। यह फुटबाल मैच खेल प्रेमियों को आकर्षित करेगा। 'मिनी ब्राज़ील' के नाम से प्रसिद्ध शहडोल जिले के विचारपुर गांव की बालिका फुटबाल टीम के खिलाडियों का चयन कर लिया गया है। टीम मे ऊमा केवट, सुहानी कोल, एकता रजक, सपना गुप्ता, सानिया सिंह, सानिया कुंडे, राधनी सिंह, सबनम केवट, स्नेहा सिंह, यशोदा सिंह, रजनी सिंह, सोनू बैगा, दिव्या, मोनिका, भारती बैगा, खुशी सिंह, पुनीता सिंह, लक्ष्मी सहीस शामिल हैं। टीम के कोच अनिल सिंह एवं अजय कुमार सोंधिया होंगे।

### ऋणी कृषक 30 अगस्त तक करा सकते हैं फसल का बीमा

**शहडोल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत ऋणी किसानों के लिये फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड (मोबाइल नंबर से लिंक), जमीन सिकमी (बटाई पर) होने पर इसका शपथ पत्र, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका/खसरा खतौनी, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र (जो कि पटवारी, पंचायत सचिव, कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो), फार्मर आई डी आदि ले जाना अनिवार्य है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि खरीफ फसलों का बीमा अवश्य कराएं।

## खबर संक्षेप

### 29 अगस्त को शाला प्रबंधन समिति का गठन

**उमरिया।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2011 के अन्तर्गत शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2025-26 एवं 2026-27 हेतु शाला प्रबंधन समिति का गठन 29 अगस्त 2025 को समय 9रू30 बजे से किया जाना है। शाला प्रबंधन समिति विद्यालय के रख रखाव, सुव्यवस्थित संचालन एवं विभिन्न गतिविधियों हेतु कार्य करती है। जिसकी समय सारणी एवं विस्तृत निर्देश राज्य शिक्षा केन्द्र के सन्दर्भित पत्र में दिया गया है। शाला प्रबंधन समिति के नियमानुसार गठन व कार्यवाही हेतु अधिकारी/कर्मचारियों की डयूटी पर्यवेक्षक के रूप में लगाई गई है।

### इको फ्रेंडली गणेश मूर्ति बनाने किया गया प्रेरित



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नामांकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति कोतमा द्वारा सेक्टर क्रमांक 4 में शासकीय पीएम श्री माध्यमिक शाला बैहाटोला टोला में मिट्टी के लिए गणेश सिद्ध गणेश पर बच्चों को इको फ्रेंडली गणेश बनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा बच्चों से मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनवाया गया संस्था सचिव ओंकार सिंह ने गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया विकासखंड समन्वय सरिमन साकेत ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बने गणेश जी पानी में घुलते नहीं है जबकि मिट्टी के गणेश आसानी से पानी मे घुल जाते हैं। प्रधानाध्यापक बलराम तिवारी ने बताया कि मिट्टी से बने गणेश में केमिकल और जहरीले रंग नहीं होते हैं जिससे मनुष्य जल जीवो पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है इससे धार्मिक महत्व सकारात्मक ऊर्जा परंपरा का संरक्षण आध्यात्मिक संतुलन का प्रभाव होता है संस्था के इस कार्य की में प्रशंसा करता हूं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के आपत्तिजनक बयान पर जताया विरोध



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** महिलाओं के पवित्र दिन हरितालिका तीज पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिए उड़ता मध्य प्रदेश, नशे की आदी हो रही युवतियां के बयान से कोतमा नगर में भी उबाल देखने को मिला। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हृदय स्थल गांधी चौक में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन कर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ता रवि सोनी सहित अन्य लोगों का कहना रहा कि ऐसी बयानबाजी ने महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई है जिसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान नगरपालिका एवं प्रशासन के लोग भी उपस्थित रहे।

### नशे के प्रति चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति हेतु शपथ एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस के खरे ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा जीवन के विनाश का महत्वपूर्ण कारण है। यह समाज के लिए अभिशाप है। नशे के कारण हमारी युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित है। नशे की लत से समाज को बचाना आवश्यक है। जबकि डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि नशा शरीर एवं आत्मा दोनों का विनाश करती है।

### वायरल वीडियो से दहशत में घरौला मोहल्ला

# जा कलेक्टर को बुला ला... देख लूंगा





शहडोल। संभागीय मुख्यालय का घरौला मोहल्ला इन दिनों आतंक का पर्याय बन चुका है। यहां वार्ड क्रमांक 19 निवासी व्यवसायी अजय कुमार मोर को लगातार उत्पीडऩ, धमकी और मारपीट का सामना करना पड़ रहा है। आरोपित बृजेश उर्फ नानक गोले और उसके परिवार के आतंक की पराकाष्ठा तब सामने आई, जब एक वायरल वीडियो में पुलिस विभाग में पदस्थ वर्दीधारी मोतीलाल गोले खुलेआम अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहता है, जा कलेक्टर को बुला ला, उसे भी देख लूंगा। इस वीडियो ने न केवल पीड़ित बल्कि पूरे घरौला मोहल्ले के लोगों में दहशत फैला दी है।

#### पुलिस व नगर पालिका के सामने भी दबंगई

पीड़ित अजय मोर का कहना है कि फरवरी से जुलाई तक गोले परिवार ने बार-बार हमला किया, धमकाया और व्यापार चौपट कर दिया। कई बार घटनाएं नगर पालिका कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों के सामने भी हुईं, पर दबंग पक्ष के हौसले कम नहीं हुए। गोले परिवार ने यहां तक कि नगर पालिका की नाली पाटकर उस पर निर्माण कर लिया।

#### लगातार हमले, फिर भी कार्रवाई ढीली

13 फरवरी को चाकू मारने की धमकी, 2 मार्च को सब्बल से हमला, 21 मार्च को ईंट फेंककर घायल करना, मजदूरों को डराकर भगा देना - ऐसी कई घटनाओं के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज पीड़ित ने पुलिस को सौंपे। 12 जुलाई को तो नानक गोले ने अजय मोर पर जानलेवा हमला भी किया, जिसके बाद थाना कोतवाली शहडोल में एफआईटार दर्ज हुई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 333, 296, 115 (2) और 351 (2) के तहत अपराध तो दर्ज कर लिया, लेकिन आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहा है।

#### आरक्षक के रुतबे से संरक्षण?

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी मोतीलाल गोले, जो उमरिया जिले में आरक्षक है, अपने विभागीय पद का रौब दिखाकर भाई नानक को संरक्षण देता है। इसी कारण इलाके के लोग भी



गवाही देने से डरते हैं। यही नहीं, नानक की पत्नी अर्चना गोले पर सतना जिले में हत्या सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज होना भी सामने आया है।

#### मोहल्ला दहशतजदा, पीड़ित पर संकट

लगातार उत्पीडऩ से व्यवसायी अजय मोर का व्यापार ठप हो



गया है। वह लो बीपी और घबराहट की बीमारी से जूझ रहे हैं। उनकी वृद्ध मां उन्हीं पर आश्रित हैं और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूरा घरौला मोहल्ला गोले परिवार के आतंक से दहशत में है।



#### सवाल उठता है

जब वायरल वीडियो में वर्दीधारी खुलेआम कलेक्टर तक को धमकाने की बातें कर रहा है, तब आम नागरिकों को सुरक्षा की गारंटी कौन देगा?

एफआईआर, शिकायतें, वीडियो और सबूतों के बावजूद पुलिस कार्रवाई क्यों ठंडी पड़ी है?क्या एक आरक्षक की आड़ में पूरा परिवार आम लोगों को आतंकित करता रहेगा? पीड़ित अजय मोर ने समाचार पत्र के माध्यम से जिले के पुलिस अधीक्षक और प्रशासन से मांग की है कि आरोपी परिवार पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि घरौला मोहल्ले के लोग भयमुक्त होकर रह सकें और वह अपने बच्चों व वृद्ध मां के पालन-पोषण हेतु फिर से व्यापार शुरू कर सकें।

## सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**उमरिया।** जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत उमरिया की अध्यक्षता मंन समीक्षा बैठक संपन्न हुई । बैठक में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना/आवास प्लस, आंगनवाड़ी भवन, पंचायत भवन, समग्र ई-केवाईसी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से संबंधित कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा की गई, जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन को दो दिवस में सर्वे पूर्ण करने तथा उपयंत्रियों व सहायक यंत्रियों द्वारा शीघ्र सत्यापन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत शेष ग्रामों को तीन दिवस के भीतर ओ डी एफ प्लस मॉडल घोषित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, प्रथम किस्त प्राप्त करने के बाद कार्य प्रारंभ न करने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी करने तथा शासकीय राशि का दुरुपयोग करने वालों को चिह्नित कर सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया गया। पी ए आई 2.0 की डाटा फीडिंग कराये जाने हेतु सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया कि वह अपनी समस्त ग्राम पंचायतों को योजना से संबंधित विभागों के जमीनी अमले से सही व सुसंगत डाटा प्राप्त कर निर्धारित समयसीमा में ही पोर्टल पर फीड करायें।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत स्वीकृत 22 आंगनवाड़ी भवनों को पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करने तथा 18 प्रगतिरत भवनों के कार्य शीघ्र प्रारंभ व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) के प्रगतिरत कार्य शीघ्र पूर्ण कर द्वितीय चरण के भवनों का निर्माण तुरंत प्रारंभ करने एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

## पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा हरतालिका तीज का व्रत



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पति की दीर्घायु के लिए हरतालिका तीज का व्रत घर-घर महिलाओं ने रखा। मंगलवार की सुबह सूर्योदय काल में महिलाओं ने नदी में जाकर मौन संकल्प के साथ आस्था की डुबकी लगाई। शाम को फुलेहरा सजाकर रात्रि में भगवान शिव की कथा की गई । मान्यता है कि भोलेनाथ प्रसन्न होकर व्रत धारी महिलाओं के पति की दीर्घायु का आशीर्वाद देते हैं। पर्व को लेकर दिनभर घर से लेकर बाजार में चहल पहल बनी रही। यह व्रत सबसे कठिन निर्जला रखा जाता है। नगर के गांधी चौक में मिट्टी से बने कलश शिवलिंग की पूजा सामग्री के साथ फूलों से बने फुलेहरा की जमकर बिक्री हुई। दुकानदारों ने बताया100 रूपए से लेकर हर श्रेणी के फुलेहरा की मांग रही, वही केला सेब की बिक्री भी महंगे दामों में हुई। हरतालिका तीज को लेकर नगर के गांधी चौक आजाद चौक पुरानी बस्ती पंचायती मंदिर गौरीशंकर मंदिर बूढी माता मंदिर ठाकुर बाबा धाम मंदिर सहित मोहल्लों एवं घरों में महिलाओं द्वारा फुलेहरा सजाकर पूजा अर्चना की गई। केवई नदी तट में भोर काल के समय महिलाएं नदी में स्नान व पूजन के लिए पहुंची फिर घर में निर्जला व्रत चालू किया। रात्रि में फुलहरा बनाकर भजन कीर्तन का दौर प्रारंभ हो गया पूजा के लिए भगवान शिव माता पार्वती और भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्ति की जरूरत होती है महिलाओं ने स्वयं अपने हाथ से मूर्तियां बनाई। पूरी रात महिलाओं ने फुलेहरा के नीचे बैठकर भजन कीर्तन करते हुए रात्रि जागरण किया। बुधवार को सूर्योदय के पूर्व महिलाओं ने घरों जलाशयों एवं नदी तट के किनारे पहुंचकर स्नान किया और भगवान शिव पार्वती की पूजा के पश्चात विसर्जन किया। महिलाओं ने बुधवार को तीज का निर्जला व्रत तोड़कर पारण किया। महिलाओं ने घर में कढी चावल सहित अन्य प्रकार के पकवान बनाए थे जिनका भोजन करने के पश्चात महिलाओं ने व्रत तोड़ा।

## पीएम श्री उमावि अमरकंटक में माटी गणेश निर्माण कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत माटी गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जन अभियान परिषद, श्री नर्मदे हर सेवा न्यास एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। कार्यशाला मे विद्यार्थियों को माटी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण नर्मदा समग्र के दिनेश साहू द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, विद्यालय की प्राचार्या अनुजा मिश्रा, अध्यापक जितेंद्र तिवारी, नर्मदे हर सेवा न्यास से श्रीमती रीना रौतेल अन्य सहयोगी सदस्य शिव खैरवार, उषा दीदी, ममता पारस सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल प्रतिमा निर्माण का कौशल सीखा, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल माटी गणेश के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को भी आत्मसात किया।

## त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाने पुलिस ने बढ़ाई गश्त

#### खुद सडक पर उतर बना रहे व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था एवं बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण के कारण हर घंटे जाम की स्थिति को लेकर बैठक मे नागरिकों ने प्रशासन एवं पुलिस को बताया कि त्यौहार शुरू हो गया है। गणेश चतुर्थी एवं जैन समाज का पर्यूषण पर्व जिसके कारण बाजार मे लोगो का आना जाना बने रहने के साथ ही धार्मिक स्थलों के सामने वाहनों के खडे होने के कारण मंदिरों मे दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होगी।

#### खुद सडक पर उतर बना रहे व्यवस्था

नगर में शुरू हो रहे पर्व तीज़ा, गणेश चतुर्थी, पर्यूषण के दौरान शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने को लेकर मंगलवार की देर शाम थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल पुलिस टीम के साथ खुद नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल चलने हुए नगर की व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर के पंचायती मंदिर रोड, स्टेशन चौक, गांधी चौक, आजाद चौक, पुराने स्टेट बैंक,महावीर मार्ग, बस स्टैंड सहित अन्य मार्गों का भ्रमण कर वाहन चालकों एवं व्यापारियों को समझाइस देते हुए सड़क पर दुकानों का समान हटाने एवं चिन्हित लाइन के बाहर दुकान न लगायें जाने के निर्देश दिए।

#### प्रतिदिन नगर में घूमकर बनायेंगे व्यवस्था

थाना प्रभारी ने बताया कि लगातार चल रहे सभी धर्मों के पर्व को शांति, सौहार्द एवं उत्साह पूर्वक मनाए जाने को लेकर प्रतिदिन शाम को पैदल नियमित रूप से नगर की गलियों मे घूमकर सड़कों पर अतिक्रमण एवं वाहनों के अव्यवस्थित खडे होने की व्यवस्था का जायजा लेंगे नही मानने पर ऐसे वाहनों की जो सड़क पर लावारिस खडे रहते हैं उन्हें थाने ले जाते हुए कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने एवं यातायात सुधार को लेकर व्यापारियों को समझाइस देते हुए बीच सड़क पर सामान, दुकान बोर्ड एवं वाहन ना खड़े करने की अपील की गई। आगामी दिनों पूरे पर्व के दौरान प्रतिदिन कस्बा पैदल भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान स्टेशन परिसर एवं बस स्टैंड के पास डेरे में रहने वालों की जांच की गई।



#### महिलाओं की सुरक्षा प्रथम जिम्मेदारी

थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल का कहना है कि त्यौहार पर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थानों पर भोर होते ही धार्मिक स्थलों सहित मुख्य मार्ग मे पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा प्रथम जिम्मेदारी है। साथ ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में भी लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।

## अमरकंटक में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में आगामी त्योहारों, विशेषकर गणेश उत्सव, को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमरकंटक थाना प्रभारी लाल बहादुर तिवारी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी पर्व-त्योहारों को शांति, सौहार्द और अनुशासनपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा करना रहा। इस दौरान विद्युत विभाग, नगरीय निकाय एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने आपसी समन्वय से सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए योजनाएँ प्रस्तुत कीं। गणेशोत्सव समितियों को विशेष निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार के विवाद या अव्यवस्था से बचा जाए। साथ ही ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए लाउडस्पीकर की आवाज नियंत्रित रखने और रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः बंद करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पंडालों




व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और मूर्तियों का विसर्जन भी रात 10 बजे तक ही करने की अपील की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें नगर पंचायत अमरकंटक के राजस्व प्रभारी चैन सिंह मंडलोई, पार्षद दिनेश द्विवेदी, शक्ति शरण पाण्डेय, जोहान चंद्रवंशी, रामगोपाल द्विवेदी, धर्मेंद्र सोनी, वीरू तंबोली, हरि सिंह, भूपेंद्र मिश्रा (पटवारी), प्रेमलाल प्रजापति (विद्युत विभाग), पत्रकार धनंजय तिवारी, श्रवण उपाध्याय, उमाशंकर पांडे, सोमू दुबे, विपुल वर्मन सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल रहे। बैठक का संचालन अध्यक्ष रज्जू नेताम एवं थाना प्रभारी लाल बहादुर तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अपील की कि त्योहारों की गरिमा बनाए रखते हुए उन्हें भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएँ।

## खबर संक्षेप



### दीक्षारंभ कार्यक्रम में परीक्षा तैयारियों के संबंध में किया मार्गदर्शन

**शहडोल।** यूआई.टी. आर.जी.पी.व्ही. शहडोल में आयोजित दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिन दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ सौम्या जानंद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, शहडोल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सिविल सर्विश, समय प्रबंधन खेल गतिविधियों एवं परीक्षा तैयारियों के संबंध, स्ट्रेस मैनेजमेंट मोटिवेशनल में किया मार्गदर्शन दिया एवं अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में विराट चरोटरी क्लब के अध्यक्ष सी.एम. मेहानी, अशोक सराफ, सुशील ओडियार एवं देवेन्द्र श्रीवास्तव मोजूद रहे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं से सिकल सेल अनीमिया ब्लड डोनेशन पल्स पोलियो निराकरण, स्वास्थ्य संबंधी विषयों से परिचित कराया।

### तहसीलदार ने आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार तहसीलदार जैतपुर सुश्री अर्चना मिश्रा ने आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भठिया का निरीक्षण किया तथा आवासीय विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भठिया की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### केसरवानी समाज का महासंगम आज

**शहडोल।** केसरवानी वैश्य नगर सभा समाज द्वारा गोत्राचार्य महर्षि कश्यप मुनि के जन्मोत्सव के अवसर पर जयंती समारोह केसर कुम्भ 28 अगस्त को आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी होंगे व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केसरवानी वैश्य नगर सभा के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत केसरवानी भवन पांडवनगर से महर्षि कश्यप मुनि की पूजन अर्चन उपरांत शोभायात्रा से होगी। शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद कार्यक्रम स्थल भारती पैलेस पहुंचेगी, जहां कश्यत जंयती के अलावा अन्य कार्यक्रम व सम्मान कार्यक्रम होंगे। अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने सभी स्वजातीय बंधुओं एवं नागरिकों से अपील की है कि शोभायात्रा व कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### शांति समिति की बैठक संपन्न, दिए दिशा निर्देश

**विजयराघवगढ़।** गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी को लेकर विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश पांडालों के संबंध में जानकारी लेने के साथ गणेशोत्सव समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पंडालों और गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान फूहड़ गाने न बजाने की हिदायत भी थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा द्वारा दी गई। पंडालों में विद्युत व्यवस्था के लिए टीसी कनेक्शन लेने, विद्युत पोल से दूर रहने और सावधानियां बरतने की बात पर भी जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांति और सौहार्द्र पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने उपस्थितजनों से पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव भी मांगे और विचार विमर्श किया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, शिक्षक हरीश दुबे, बलरामदास गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा, अधिवक्ता मंजुलता बर्मन, पार्षद रमाकांत तिवारी, साहबलाल चौधरी, बंजारी सरपंच पति अल्ताफ छोटे भाई, लाइन मैन सहित गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व पुलिस स्टॉफ की उपस्थिति थी।

## प्रशासन ने बनाई खास रणनीति

# गणेशोत्सव व ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

नगर में आगामी 27 अगस्त से श्रीगणेश महोत्सव का शुभारंभ प्रतिमा स्थापना के साथ होगा, जो 6 सितम्बर तक चलेगा। वहीं 5 सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी का पर्व भी मनाया जाएगा। दोनों पर्वों को लेकर धनपुरी थाना परिसर में सोमवार शाम 6 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।





धनपुरी।

बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी खेम सिंह ने की, जबकि एसडीओपी विकास पांडे, तहसीलदार मनोज सिंह बुढ़ार तथा विद्युत मंडल धनपुरी जेई श्रीवास्तव की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई।थाना प्रभारी ने कहा कि मूर्तियों का विसर्जन केवल ज्वालामुखी कुंड में किया जाएगा। विसर्जन स्थल से 100 मीटर पहले डीजे पर प्रतिबंध रहेगा तथा नशे की हालत में मूर्ति विसर्जन पर पूरी तरह पाबंदी होगी।एसडीओपी विकास पांडे ने निर्देश दिए कि गणेश विसर्जन संभव हो तो एक ही दिन में संपन्न किया जाए। नगर की गलियों को ध्यान में रखते हुए मूर्तियां अत्यधिक बड़ी न बनाई जाएं। हर पंडाल में समिति द्वारा एक जिम्मेदार व्यक्ति नियुक्त हो, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी न हो। विसर्जन दिवस पर राजीव मार्केट से कुंड तक मार्ग वन-वे रहेगा।नगर पालिका ने भरोसा दिलाया कि पंडालों के आसपास सफाई, बड़ी मूर्तियों के लिए जेसीबी की व्यवस्था, कुंड के पास फ्लड लाइट, साउंड सिस्टम और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।विद्युत मंडल के जेई श्रीवास्तव ने आश्वस्त किया कि गणेश पंडालों में बिजली कनेक्शन टीसी दर पर आसानी से उपलब्ध होगा तथा लाइट व्यवस्था दुरुस्त रहेगी।नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष अजय जायसवाल ने सुझाव दिया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा आकर्षक मूर्तियों और सजावट वाले पंडालों को चिन्हित कर समिति को स्वांतना पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाए। इससे नगर में आस्था और सौहार्द का सकारात्मक संदेश फैलेगा।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेमैथिलीशरण गुप्त, मोहम्मद आज़ाद, नौसेना खान, राम सिंह, अशोक सिंह, इजहार अहमद, नारायण जायसवाल, प्रवीण बाड़ोलिया, महेंद्र सिंह पवार, अवधराज सिंह, ऋषि शर्मा, राजू अग्रवाल, मोहम्मद सफीक, लक्ष्मण सोनी सहित नगर के गणमान्य नागरिक।

# मां ज्वालामुखी मंदिर प्रबंधन पर उठ रहे सवाल, दान पेटी न खुलने से बढ़ी चिंता



धनपुरी।

मां ज्वालामुखी मंदिर का प्रबंधन पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन की देखरेख में संचालित हो रहा है। मंदिर संचालन के लिए प्रशासन द्वारा पांच-पांच सदस्यों की समितियां गठित कर दी गई हैं, लेकिन व्यवस्थाओं में पारदर्शिता न होने से श्रद्धालुओं और पुजारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।पूर्व मां ज्वाला मुखी मंदिर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि बीते नवरात्रि के समय दान पेटी में एकत्रित राशि को अब तक नहीं खोला गया है। इसके साथ ही आय-व्यय का ब्यौरा भी सार्वजनिक नहीं किया गया। इतना ही नहीं, प्रशासन समय-समय पर बैठक आयोजित करने की प्रक्रिया भी नहीं निभा रहा।उन्होंने चिंता जताई कि दान पेटी प्रशासन की उपस्थिति में ही खोली जाती है, लेकिन लंबे समय से बंद रहने के कारण मंदिर पुजारी हर वक्त भयग्रस्त रहते हैं कि कहीं पैसों को लेकर उनके साथ कोई अप्रिय घटना न हो जाए।पूर्व अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि वर्षों पूर्व मंदिर का गुंबद चोरी हो गया था, जिसका आज तक कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि मंदिर प्रबंधन व सुरक्षा व्यवस्था पर तत्काल ध्यान दिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और मंदिर की गरिमा सुरक्षित रह सके।

# सड़क के किनारे बजबजा रहा है गंदगी, राहगीरों को दुर्गंध से हो रही परेशानी, बिजहा पंचायत है बेखबर

शहडोल।

जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बिजहा में चाहू ओर सड़क के किनारे बरसाती पानी से गांव की सड़के गंदगी से बज बजा रही है पंचायत है बेखबर।

बस स्टैंड रोड के किनारे जल भराव होने के वजह से कीचड़ दुर्गंध दे रहा है और मांछी मच्छर पनप रहे हैं जिससे बिमारी फैलने की आशंकाएं बनीं हुईं हैं।

बिजहा बस स्टैंड के किनारे किनारे दुकान होटल दुकानों में रहना दुभार है क्योंकि पानी भराव का कीचड़ बदबू दे रहा है मच्छर फैल रहे हैं जिससे मलेरिया बीमारी बन रही है। यात्रियों को चलने फिरने बैठने का स्थान नहीं है यात्रियों को बसों में चढ़ना उतरना पानी भराव के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है संबंधित विभागीय अधिकारियों से मांग की है इस परेशानी को दूर किया जाए।



# तो किसकी शह पर बनसुकली चौक में बिक रही अवैध शराब

शहडोल।

जिले के सीधी थाना क्षेत्र अंतर्गत वनसुकली चौक में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है,जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि बनसुकली चौक में अवैध शराब की बिक्री हो रही है, स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया है कि राजा नामक व्यक्ति के द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जाती है। सीधी थाना क्षेत्र के वनसुकली चौक में अवैध शराब का काला कारोबार वर्षों से चला आ रहा है, लेकिन इस पर लगाम लगाने पुलिस भी पीछे हट रही है, पुलिस सूत्रों की माने तो राजा नामक व्यक्ति आपराधिक किस्म का बताया जा रहा है और थाना के ही मिश्रा नामक वर्दीधारी द्वारा पूरा थाना संचालित किया जा रहा है। यही कारण है कि शायद वर्दी कार्यवाही करने में नाकाम साबित हो रही है, बेखौफ शराब की बिक्री खुले चौक में हो रही है, लेकिन पुलिस-प्रशासन को इस बात से बिल्कुल भी परहेज नहीं है।

### अधिक दाम में बिक रही शराब

बताया जा रहा है कि राजा नामक व्यक्ति के द्वारा अंग्रेजी शराब दुकान से अवैध रूप से पयकारी के माध्यम से शराब लाकर वनसुकली चौक स्थित दुकान से शराब की बिक्री की जाती है,और यह शराब दुकान से दोगुना दामो में बेची जा रही है, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण राजा नामक व्यक्ति के द्वारा भरपूर लाभ उठाया जा रहा है।



## जयसिंहनगर पुलिस पर सवाल

# तस्करों से मिलीभगत का ऑडियो वायरल

शहडोल।

जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में पुलिस और गांजा तस्करों के बीच मिलीभगत के आरोप एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक ऑडियो क्लिप ने पूरे मामले को संदेहास्पद बना दिया है। इस ऑडियो में दो व्यक्तियों की बातचीत सामने आई है, जिसमें एक व्यक्ति खुद को पुलिस और तस्करों के बीच दलाली करने वाला बताता है, जबकि दूसरा व्यक्ति आरोपी का परिजन या परिचित प्रतीत होता है।

बातचीत के दौरान कथित दलाल स्वीकार करता है कि उसने पुलिस के लिए 52 हजार रुपये लिए थे। रकम लेने का उद्देश्य यह बताया गया कि आरोपी को राहत दिलाई जा सके या मामले को हल्का किया जा सके, लेकिन जब बात बनी नहीं तो दूसरे पक्ष ने पैसे लौटाने की मांग की, जिस पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। सूत्रों के अनुसार, यह विवाद उस मामले से जुड़ा है जिसमें जयसिंहनगर पुलिस ने हाल ही में एक आरोपी के घर से करीब 13 किलो गांजा जब्त करने का दावा किया था। पुलिस ने आरोपी की मोटरसाइकिल से भी गांजा मिलने की बात कही थी। इसी प्रकरण में अब कथित दलाली और पैसों के लेन-देन का मामला उभरकर सामने आ रहा है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे जयसिंहनगर थाने में पदस्थ आरक्षक नीरज का नाम सामने आ रहा है। नीरज पर लंबे समय से आरोप रहे हैं कि उसकी नजदीकियां नशे के कारोबारियों से हैं। यही कारण था कि कुछ समय पहले उसे लाइन अटैच किया गया था, लेकिन बाद में वह दोबारा थाने में सक्रिय हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे थाने में कोई भी प्रभारी पदस्थ हो, लेकिन वास्तविक दबदबा नीरज का ही रहता है।वायरल ऑडियो से यह संकेत मिलते हैं कि पुलिस और तस्करों के बीच कई स्तरों पर पैसों का खेल चलता है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि 52 हजार रुपये वास्तव में पुलिस तक पहुंचे या नहीं। इस मामले में पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। जयसिंहनगर क्षेत्र में पहले भी नशे के कारोबार को लेकर शिकायतें उठती रही हैं, लेकिन अब वायरल ऑडियो ने पुलिस की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस और तस्करों की सांठ-गांठ साबित होती है, तो यह कानून व्यवस्था पर गहरी चोट होगी और आमजन का भरोसा टूट जाएगा। फिलहाल इस पूरे मामले ने पुलिस प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अब देखना होगा कि वायरल ऑडियो की जांच किस स्तर तक होती है और आरक्षक नीरज समेत अन्य जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाती है। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है।




## सौभाग्य की प्राप्ति हेतु महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

# हरतालिका तीज पर शिव गौरी को लगाया गया भोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तीसरे दिन मंगलवार को हरतालिका तीज का पर्व महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना से निर्जला व्रत का पालन करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती जी की पूजा विधि विधान के साथ की गई। हिन्दु धर्म में हरतालिका व्रत की महिमा अपार बताई गई है, इस दिन कुंवारी कन्याएं भी मनवांछित वर की कामना से यह व्रत रखते हुए पूजा अर्चना कर व्रत को पूर्ण किया गया। हरितालिका तीज में भगवान शिव, माता पार्वती एवं भगवान गणेशजी की विशेष रूप से पूजा की जाती है। त्यौहार को लेकर बाजार में सोमवार व मंगलवार को भारी संख्या में भीड़ रही। सुभाष चौक, माधव नगर, रोशन नगर के बजारों में पूजा सामग्री खरीदने भक्तों की भीड़ देखी गई। फूलों से बने फुलेहरा, शिव पार्वती जी की मूर्ती, फूल माला, बेलपत्र, फल फूल, व श्रृंगार की पूजन सामग्री में लोगों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई। हरतालिका तीज के अवसर पर महिलाओं द्वारा सुबह से ही स्नान कर भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आई, घरों में पूजन स्थान पर शुद्धता के साथ भगवान भोलेनाथ व आदिशक्ति मां पार्वती के आसन की स्थापना की गई। महिलाओं ने दिन में मेंहदी, आलता आदि के साथ सोलह श्रृंगार कर पूजन अर्चना के लिए तैयार हुई। भगवान शिव, देवी पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा की पूजा किए जाने का विधान है। ये प्रतिमाएं ज्यादातर महिलाएं खुद बनाती हैं तो वहीं कई महिलाएं बाजार से बनी बनाई मूर्तियां ले आती हैं। पूजा के लिए बाद इन प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाता है। भगवान की प्रतिमाओं को तैयार करने के बाद पूजा के स्थान पर नया पीले रंग का वस्त्र, केले का पत्ता, रोली, जनेऊ, सुपारी, शमी के पत्ते, बेलपत्र, कलश, अक्षत, दूर्वा, घी, कपूर, दही, गंगाजल रखें। साथ ही माता पार्वती को अर्पित करने के लिए श्रृंगार सामग्री रखकर पूजन किया गया। पूजन स्थल पर देवी पार्वती को लाल रंग की चुनरी चढ़ाई गई इसके बाद अक्षत, फूल, फल, धूप-दीप आदि से विधि विधान पूजा की गई, भगवान शिव को सफेद चंदन, बेलपत्र, सफेद फूल, धतूरा, भांग आदि समर्पित करते हुए



# प्रार्थना समुदाय ने अपराधियों से तोड़ा नाता निर्दोष समाज को न बदनाम किया जाए

शहडोल।

जिले के बुढ़ार नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित टिकुरी टोला के प्रार्थना समुदाय ने एक महत्वपूर्ण पहल कर अपराध से दूरी बनाने का संदेश दिया है। समुदाय के प्रतिनिधियों ने एसडीओपी बुढ़ार को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया है कि उनके समाज का अब उन लोगों से कोई संबंध नहीं है, जो लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे।

आवेदन में कहा गया है कि कुछ व्यक्तियों की असामाजिक हरकतों के चलते पूरा समाज बदनाम हो रहा था। झगड़े-मारपीट और आम नागरिकों को परेशान करने जैसी घटनाओं में जब भी पुलिस कार्रवाई होती, तो पूरे *प्रार्थना समुदाय* पर उंगली उठने लगती थी। इसी कारण 5-6 माह पूर्व समाज ने पंचायत कर ऐसे लोगों को समुदाय से बाहर कर दिया। इन लोगों के नाम भी ज्ञापन में दर्ज किए गए हैं। समुदाय का कहना है कि अब उन व्यक्तियों से उनका कोई भी सामाजिक या व्यक्तिगत संबंध नहीं है। कई लोग तो अन्य शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। उन्होंने साफ किया कि यदि भविष्य में वे लोग कोई अपराध करते हैं तो उसका जिम्मेदार पूरे प्रार्थना समुदाय को न ठहराया जाए।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि प्रार्थना समाज मेहनतकश है और अधिकांश लोग मजदूरी, छोटे व्यवसाय व ईमानदारी से जीविका चलाते हैं। ऐसे में बार-बार उन्हें अपराधी ठहराना न केवल अन्याय है बल्कि उनकी सामाजिक छवि को धूमिल करता है। समुदाय के सदस्यों ने एसडीओपी से आग्रह किया है कि अपराधियों की हरकतों को लेकर निर्दोष परिवारों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही आश्वासन दिया कि समाज पूरी तरह शांति-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करेगा। टिकुरी टोला के प्रार्थना समुदाय की यह पहल न केवल अपराधियों को सामाजिक रूप से अलग करने का उदाहरण है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि अब आमजन अपनी छवि बचाने और शांति से जीने के लिए संगठित होकर कदम उठा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक संपन्न, दिए दिशा निर्देश

**विजयराघवगढ़।** गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी को लेकर विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश पांडालों के संबंध में जानकारी लेने के साथ गणेशोत्सव समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पंडालों और गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान फूहड़ गाने न बजाने की हिदायत भी थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा द्वारा दी गई। पंडालों में विद्युत व्यवस्था के लिए टीसी कनेक्शन लेने, विद्युत पोल से दूर रहने और सावधानियां बरतने की बात पर भी जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांति और सौहार्द्र पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने उपस्थितजनों से पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव भी मांगे और विचार विमर्श किया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, शिक्षक हरीश दुबे, बलरामदास गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा, अधिवक्ता मंजुलता बर्मन, पार्षद रमाकांत तिवारी, साहबलाल चौधरी, बंजारी सरपंच पति अल्ताफ छोटे भाई, लाइन मैन सहित गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व पुलिस स्टॉफ की उपस्थिति थी।

### महाविद्यालय मार्ग को कराया गया दुरूस्त

**विजयराघवगढ़।** मुख्य मार्ग से विजयराघवगढ़ स्थित शासकीय महाविद्यालय तक की डगर छात्र छात्राओं के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही थी। लंबे समय से कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी आवागमन की समस्या से जूझ रहे थे। खास तौर कर बरसात के इन दिनों में कीचड़ और गड्ढों के कारण कॉलेज तक का सफर मुश्किल हो रहा था। छात्र छात्राओं की इस समस्या के बारे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विधायक संजय पाठक को अवगत कराया गया था। विधायक के निर्देश पर महाविद्यालय पहुंच मार्ग में गिट्टी, चूरी आदि डलवा कर जेसीबी के माध्यम से रोड का समतलीकरण कराया गया। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें कॉलेज तक आने जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने विधायक का आभार जताया है।

### नव पदस्थ अपर कलेक्टर ने पदभार संभाला

**कटनी।** नवागत अपर कलेटर नीलांबर मिश्र ने अपर कलेटर पद का पदभार ग्रहण किया। श्री मिश्र पन्ना जिले से समान पद पर स्थानांतरित होकर कटनी आए हैं। श्री मिश्र राज्य प्रशासनिक सेवा के 2012 बैच के अधिकारी हैं। इसके पहले राज्य शासन ने श्री मिश्र का स्थानांतरण अनूपपुर जिले के लिए किया था और अनूपपुर के संयुक्त कलेटर दिलीप कुमार पाण्डेय को पदोन्नत कर कटनी में अपर कलेटर पदस्थ किया था लेकिन राज्य शासन ने पूर्व में जारी इस आदेश में संशोधन कर दिया, जिससे श्री मिश्र पन्ना से स्थानांतरित होकर कटनी के अपर कलेटर के पद पर अपना दायित्व ग्रहण किया है।

### पुरैनी से ट्रक लेकर चंपत हुए अज्ञात चोर

**कटनी।** शहर में चोरी की घटनाओं पर रोक लगते नहीं दिखाई दे रही है। दोपहिया वाहनों की चोरी के साथ साथ अब चोर भारी भरकम ट्रक पर हाथ साफ करने से भी नहीं पीछे हट रहे। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि पुरैनी स्थित दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले नरेश प्रसाद गुप्ता के घर के पास खड़ा ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 0902 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

---

### विधि विधान से की गई प्रथम पूज्य श्री गणेशजी की पूजा अर्चना

# पंडालों-घरों में विराजे गणपति बप्पा

#### 10 दिवसीय उत्सव की हुई शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** गणेश चतुर्थी पर बुधवार को जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, भालूमाड़ा, जमुना कालरी, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, जैतहरी, वेंकटनगर, चचाई, देवहरा, संजयनगर, अमलाई, बरगवां सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणपति बप्पा का आगमन हो गया। दस दिन तक शहर में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी पंडालों में पूजा-अर्चना के साथ मूर्ति स्थापना की गई। लोग अपने घरों में भी गणेश की प्रतिमा स्थापित किये।

गणेश चतुर्थी पर बुधवार को ऋद्धि-सिद्धि के दाता गणपति बप्पा का आगमन उत्साह के साथ हुआ। दस दिनों तक गणेश महोत्सव शहर में धूमधाम और उत्साह से मनाया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां बुधवार को दोपहर तक पूरी की ली गई थी। दोपहर बाद अधिकतर पंडालों में विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ मूर्ति स्थापना की गई। हर घर बप्पा के आगमन को लेकर पंडालों की विशेष सजावट की जा गई थी। जिला मुख्यालय मे दर्जन भर से ज्यादा जगहों पर बप्पा के दरबार सजे हैं वहीं कोतमा नगर में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर पंडाल बनाये गए हैं। लोग अपने घरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना करते हुए गणेश चतुर्थी मनाई जा रही है। कोतमा नगर के आजाद चौक पुरानी बस्ती पीपल चौक बनिया टोला शिशु भारती स्कूल के पास भट्ठी टोला दफाई टोला पुराना स्टेट बैंक के पीछे रेलवे कॉलोनी फिल्टर मोहल्ला विकास नगर रेस्ट हाउस रोड तेलियान टोला सहित अन्य क्षेत्रों में गणेश प्रतिमाओं के पंडाल सजाकर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। 10 दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव



को लेकर बुधवार को सुबह से ही बाजार में जमकर चहल-पहल रही। गणेश प्रतिमा की कीमत भी 200 से लेकर 2000 तक बाजार में देखी जा रही है। मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार रमेश पाल गोपाल पाल ने बताया कि इस बार मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं बनाई गई है, जिसमें कलर और अन्य सामग्री महंगी मिलने के कारण गणेश प्रतिमा की कीमत भी बढ़ गई हैं। रंग कलर मेहनत के हिसाब से ग्राहकों से पैसे बोलो तो उन्हें महंगा लगता है हमारे पास 1000 से लेकर 3500 तक की मूर्ति उपलब्ध है।

#### बाजार में गणेश उत्सव की चहल-पहल

कोतमा नगर के गांधी चौक स्टेशन चौक में छोटी-छोटी गणेश मूर्ति की बिक्री भी दुकानदारों के द्वारा दुकान सजाकर की जा रही है। दुकानदार सौरभ जैन ने बताया कि वह कई वर्षों से जबलपुर से छोटे गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमा लेकर आते हैं और अपने घर पर ही स्थानीय कलाकारों से मूर्ति में कलर के साथ ही पोशाक एवं डिजाइन से सजाते हैं। चार दिन पूर्व से ही बच्चे बच्चियों युवा बुजुर्ग गणेश प्रतिमाएं खरीदने पहुंच रहे। 150 से 1000 तक की गणेश प्रतिमा की बिक्री कर रहे हैं।

#### ढोल नगाड़ों की थाप पर ले गये प्रतिमा

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर शनिवार को सुबह से ही नगर में चहल-पहल नजर आ रहा था। नगर के मुखर्जी चौक में मूर्तिकारों के द्वारा बनाई गई गणेश जी की प्रतिमा को लेने नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र तथा अनूपपुर अमलाई मरवाही मनेन्द्रगढ बैकुंठपुर से प्रतिमा लेने के लिए गणेश समिति के लोग बाजे गाजे के साथ पहुंचकर गणेश प्रतिमाओं को ले जाने में व्यस्त नजर आए वहीं कुछ लोग भगवान गणेश की प्रतिमा को दो पहिया वाहन में भी ले जाते नजर आए। सुबह से ही नगर में जय गणेश के जयकारे गूंज रहे थे गणपति बप्पा मोरया के साथ पूरा नगर गूंजायमान था।

#### लड्डू और फूल मालाओं की बढ़ी बिक्री

गणेश चतुर्थी के साथ ही 10 दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव को लेकर बाजार में भीड़ बढ़ गई है वहीं लड्डू विक्रेता अंशू जैन ने बताया कि गणेश उत्सव को लेकर विशेष प्रकार के लड्डू, मोदक बनाए गए हैं। सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावा फूल माला बेच रहे दुकानदारों ने बताया कि सुबह से ही गणेश चतुर्थी को लेकर फूल मालाओं की भी बिक्री बढ़ गई है। लोग घरों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं उसके लिए सजावट के सामान के साथ ही रोशनी के लिए झालर की भी खरीदारी कर रहे हैं।

---

# औपचारिकता निभाकर संपन्न हुआ चौथा ईएमआरएस राज स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

### स्थानीय मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधियों की हुई उपेक्षा






#### आयोजक आदिवासी विकास के अधिकारी भी समापन के दिन थे लापता

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चतुर्थ ईएमआरएस राज स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन का 27 अगस्त को समापन किया गया जिसमे कोरम पूर्ति कर लिया गया जबकि इस जिले से मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री भी हैं, उन्हे भी तरजीह नही दी गई। बिना विधायक, जनप्रतिनिधि और स्वयं सहायक आयुक्त की अनुपस्थिति मे प्रतियोगिता का निपटारा कर दिया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि विभाग व जिला प्रशासन राज स्तरीय प्रतियोगिता को भी मुंहदेखी के तहत निपटाने मे आमादा रहा जबकि क्षेत्रीय विधायक अपने गृह निवास मे ही मौजूद रहे वही अन्य जनप्रतिनिधियां को भी न तो इतने बड़े प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया और न ही कार्यक्रम मे सहभागिता के लिए उन तक किसी प्रकार से संदेश पहुंचाया गया। यहां तक कि स्थानीय मीडिया को भी नही बुलाया गया। कुल मिलाकर ऐसे आयोजन को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ाते हुये समापन कर दिया गया।

समापन के दौरान मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडे ने कहा कि जिले एवं प्रदेश के खिलाड़ी हमारा गौरव है। प्रदेश के खिलाड़ी न केवल खेल मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि वे राज्य का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन कर रहे हैं। खेल अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो युवाओं को सही दिशा प्रदान करता है। खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ प्रदेश की पहचान को मजबूत करती हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। अपर कलेक्टर श्री पांडेय अनूपपुर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित चतुर्थ ईएमआरएस राज स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

#### झाबुआ एवं शहडोल की टीम रही विजेता

चौथे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल, इंदौर, जबलपुर व शहडोल जोन के अंतर्गत 20 टीम हिस्सा ले रही हैं, जिनमें बालक वर्ग में 12 टीमे तथा बालिका वर्ग में 8 टीमे शामिल हैं। जिसमें बालक वर्ग में अनूपपुर एवं झाबुआ के बीच मुकाबले में झाबुआ 1-0 विजेता रहा तथा अनूपपुर उपविजेता रही तथा बालिका वर्ग में मंडला तथा शहडोल के बीच मुकाबले में शहडोल 4-0 से विजयी रहा तथा मंडला उपविजेता रहा।

#### अपर कलेक्टर ने वितरित किया स्मृति चिन्ह

अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय विजेता एवं उपविजेता टीम को स्मृति चिन्ह भेंट किया था। उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर तहसीलदार ईश्वर प्रधान, कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य फूल सिंह पट्टावी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य, अजय जैन एकलब्य के प्राचार्य क्रीड़ा प्रभारी मो. खलील कुरैशी, पीटीआई उपेंद्र मिश्रा, शिक्षक हर्षद बंसोड़, सुश्री स्तुति पाण्डेय सहित शिक्षक/शिक्षिका तथा प्रतिभागी विद्यार्थी तथा मार्गदर्शी शिक्षक, खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

---

# सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर की अखंड सौभाग्य की कामना

#### परंपरागत तरीके से मनी हरतालिका तीज

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर/राजनगर।** जिला मुख्यालय समेत नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र रामनगर, डोला, पौराधार, आमाडांड, बरतराई, में महिलाओं ने मंगलवार को हरितालिका तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। इससे पहले सोमवार को महिलाओं ने देर रात तक अपने परिवार के साथ ही इष्ट मित्रों के घर भोजन किया, भोजन में विभिन्न व्यंजनों के साथ करेला की सब्जी भी खाया। निर्जला व्रत रखने हेतु तीज पर्व में करेला खाना जरूरी होता है। सुबह से महिलाएं स्नान के पश्चात सोलह श्रृंगार कर पूरी तैयारी कर भगवान पातालेश्वर कल्प केदारनाथ के मंदिर में विधि-विधान पूर्वक श्रद्धा के साथ पूजन-अर्चना करती रहीं। व्रतियों ने भोलेनाथ की पूजा करने के बाद मां पार्वती जी के चरणों में मत्था टेका एवं पूजन-अर्चना कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। मान्यता है कि, हरितालिका के दिन ही मां पार्वती ने शिवजी को पति के रूप में साक्षात प्राप्त किया था। ठीक उसी मुद्रा में अंजली बद्ध, पद्मासन में आंखें बंद किए हुए मां पार्वती जी के सोलहों श्रृंगार कर भगवान पातालेश्वर के ध्यान में तपस्यारत हैं। भगवान भोलेनाथ उनकी कठिन तपस्या से खुश होकर पातालेश्वर कल्प केदारनाथ के रूप में उन्हें साक्षात दर्शन देते हैं एवं उनकी मनोकामना की पूर्ति करते हैं। राजनगर क्षेत्र में तीजा का व्रत कुंवारी, विवाहित एवं सभी महिलाएं निर्जला रही एवं रात में भजन कीर्तन करते हुए जागरण किया। सुबह स्नान कर अपना व्रत का सिंघाड़ा, तीखूर फल फूल आदि के साथ करती हैं। फिर एक दूसरे के घर जाकर तीजा की बधाई देने का सिलसिला दिन भर चला। इसी क्रम में ठेकुआ, सलोनी, गुझिया जैसे खाद्य सामग्री घर आए। तीजहारिनो को देने की परंपरा बहुत पुरानी है। इसके साथ सुहाग का सामान, कपड़ा वस्त्रादि उपहार में दिए जाते हैं। इन्हीं परंपराओं को निभाने एवं तीजा पर्व को खास बनाने के लिये कई महिलाएं राजनगर में अपने मायके भी आकर इस स्पर्म को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया।



---

# सामतपुर तालाब परिसर में होगा आकांक्षा हाट का तीन दिवसीय आयोजन

#### स्थानीय व्यंजनों के लगेंगे स्टॉल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारत सरकार के निर्देशों के तहत स्थानीय व आकांक्षी ब्लॉक के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आकांक्षा हाट का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अनूपपुर जिला मुख्यालय में आकांक्षा हाट का आयोजन 28 से 30 अगस्त तक सामतपुर तालाब परिसर में प्रातः 11:00 बजे से रात 9:00 बजे तक किया जाएगा। जिसमें मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों द्वारा बनाये गये विभिन्न उत्पाद, उद्यानिकी विभाग अंतर्गत पीएमएफएमई योजना के तहत उद्यमियों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पाद, कृषि विभाग अंतर्गत जैविक उत्पाद व फूड स्टाल व अमरकंटक हॉर्टिकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा स्थानीय व्यंजन के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उक्त आयोजन में समस्त शहरवासियों से भाग लेकर स्थानीय उद्यमियों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों को खरीदकर प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है। ताकि स्थानीय स्तर पर तैयार किये जा रहे उत्पादों को बाजार उपलब्ध हो।

---

# करनपठार पुलिस के द्वारा दस्तयाब कर परिजन को सुपुर्द किया



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पुष्पराजगढ के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत निरी. वीरेन्द्र वरकडे थाना प्रभारी करनपठार के नेतृत्व में हमराह स्टाफ उपनिरीक्षक लियाकत अली, सहायक उपनिरीक्षक मुनीन्द्र गवले, आरक्षक विनोद कुमार, महिला आरक्षक प्रिया चौरे थाना करनपठार के द्वारा थाना करनपठार में दर्ज अपराध क्र. 243/2025 धारा 137(2) बीएनएस की अपहृता परिवर्तित नाम मीना पिता चिन्तामणि सिंह उम्र 15 वर्ष निवासी थाना करनपठार को घटना दिनांक से मामले की विवेचना निरंतर जारी रखते हुये हायर सेकेन्ड्री स्कूल बेलडोंगरी से दस्तयाब किया गया है। अपहर्ता के माननीय न्यायलय के समक्ष धारा 183 बी. एन. एस. एस. का कथन कराने पश्चात परिजनो को सुपुर्द किया गया।

---

### रास्ते मे आने वाले घर, खेतों को पहुंचा रहा भारी नुकसान

# 5 दिनों से जिले में घूम रहा हाथी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एक बार फिर दो दांत वाला एक बड़ा नर हाथी विगत 5 दिन पहले छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही की सीमा को पार करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी, अनूपपुर वन परिक्षेत्र, थाना की सीमा से घूमता हुआ विगत तीन दिनों से वन परिक्षेत्र एवं थाना राजेंद्रग्राम के इलाके में घूम रहा है जो दिन के समय जंगल में बिताते हुए शाम एवं रात होते ही जंगल से लगे ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के मकान में तोड़फोड़ कर खेत एवं बांडियो में लगे विभिन्न प्रकार की फसलों को अपना आहार बना रहा है बुधवार की सुबह यह हाथी राजेंद्रग्राम थाना एवं वन परिक्षेत्र के गुट्टीपारा बीट के जंगल में पहुंचकर ठहरा हुआ है। एक दो दांत वाला एक नर हाथी 22 अगस्त की सुबह छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से सीमा को पार कर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी थाना एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं वन बीट चोलना में प्रवेश कर कुकुरगोड़ा में एक महिला यशोदा सिंह को घायल कर धनगवां के जंगल में ठहरते हुए देर शाम एवं रात को कुसुमहाई गांव में पुरुषोत्तम सिंह का मकान तोड़ कर लहरपुर के गोडानटोला में 46 वर्षीय हेमराज सिंह को घायल कर जैतहरी नगर के बस स्टैण्ड से तिपान नदी पार कर गोबरी के जंगल से ठेगरहा में कुन्ना कोल के घर का दरवाजा तोड़ कर अन्दर रखे सामान को निकाल कर खाते,फैलाते



वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट के गौरेला पंचायत के वरटोला से लगे जंगल में ठहरे कर रात को गौरेला पंचायत के ठेही गांव में जयलाल सिंह के घर को तोड़ते जंगल हो कर बैहार पंचायत के दोखहाटोला में रामदास बैगा,मोहन बैगा के खेत/बांडी में लगे अनाज खाते देर रात राजेंद्रगाम के कछुवाकोनहा नि,कोदूलाल सिंह, रघुनाथ सिंह एवं गुरुदयाल सिंह के घरों में तोड़फोड़ कर घर में रखे विभिन्न तरह के अनाजों को खाते हर्रई,गिरारी से सुबह होने पर वन बीट पटना के छुलहा,गढ़ी के जंगल में ठहर कर रात में बधार, गिरारीखुर्द, हर्षवाह से सुबह होने पर वन परिक्षेत्र जैतहरी के वन बीट बैहार के जंगल जो राजेंद्रग्राम के मझगवां पंचायत के भाटीबहरा गांव से लगा है जहां ठहरते रात होने पर मझगवां गांव में छोटू सिंह के घर में तोड़फोड़ कर लोहारिनटोला से जोहिला नदी पार कर बसनिहा से शहडोल अमरकंटक मुख्य मार्ग पार कर वरटोला में मनोहर सिंह का घर तोड़ते छपानी में कृष्णा सिंह,कमल सिंह के घर को नुकसान पहुंचाते मंगलवार की सुबह छींदपानी बीट, गाम पंचायत जीलंग के जंगल में ठहरे कर रात होने पर छींदपानी के बैगानटोला में राम सिंह एवं भोला सिंह के घरों में तोड़फोड़ कर घर में रखे विभिन्न तरह के अनाजों को खाते जंगल के अंदर 10 से 12 किमी की दूरी तय कर बुधवार की सुबह वन बीट गुट्टीपारा पंचायत लमसरई के केशवानी गांव के आमाटोला से लगे जंगल में ठहरा हुआ है। एक अकेले हाथों के निरंतर विचरण करने पर वनविभाग का गश्ती दल संबंधित वन परिक्षेत्र के वन अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ हाथी के विचरण पर निगरानी करते हुए हाथी के संभावित विचरण क्षेत्र में जाने वाले इलाके के ग्रामीणों को सुरक्षित रहने हेतु विभिन्न माध्यमों से अपील कर सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की है यह हाथी पूर्व में आए अपने तीन अन्य साथियों के विचरण क्षेत्र इलाके से राजेंद्रग्राम में आगे की ओर बढ़ रहा है।